an>

Title: Need to conduct an inquiry into alleged misappropriation of funds under Mid-day meal scheme in Bihar.

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** अध्यक्ष जी, मैं सदन का ध्यान बिहार के स्कूलों में मध्याह्न भोजन में हो रही अनियमितताओं की तरफ दिलाना चाहती हूं। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति को ज्यादा संख्या में बताकर कथित रूप से केन्द्रीय योजना का दुरुपयोग किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर सीतामढ़ी जिले में बच्चों की जनसंख्या 6 लाख 65 हजार 640 है, जबकि स्कूलों में नामांकन 6 लाख 67 हजार 106 बच्चों का किया हुआ है। खगड़िया जिले में बच्चों की संख्या 3 लाख 50 हजार 53 है परन्तु नामांकन 3 लाख 69 हजार 106 बच्चों का दिखाया गया है। किशनगंज में 3 लाख 43 हजार 963 बच्चों की जनसंख्या है जबकि नामांकन 3 लाख 94 हजार 897 बच्चों का है। गया जिले में 8 लाख 58 हजार 934 बच्चे हैं जबकि नामांकन में उनकी संख्या 8 लाख 71 हजार 428 दिखायी गयी है। इसमें सीतामढ़ी मेरे संसदीय क्षेत्र का एक जिला है। इन जिलों के बच्चों में आधे से ज्यादा पब्लिक स्कूलों में पढ़ रहे हैं। इस तरह से बच्चों की अधिक संख्या को बताकर लाखों बच्चों के मध्याह्न भोजन योजना हेतु मिली राशि के प्रयोग में अनियमिततायें बरती जा रही हैं। खेद की बात है कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे हथकंडे अपनाये जा रहे हैं जहां पर शिक्षा का स्तर नीचा है और बिहार के विकास के लिए शिक्षा के स्तर को सुधारने की अति आवश्यकता है। पूरे बिहार में इस मध्याह्न भोजन के तहत हो रही अनियमितताओं को रोका जाए, इसकी जांच जनहित में अति आवश्यक है। मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगी कि बिहार में मध्याह्न भोजन योजना में हो रही अनियमिताओं की जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।...(व्यवधान)